# पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़
# 36 C III, ब्लॉक - II, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन, नया रायपुर

क्रमांक / पंचा / स्था–284 / 2015 / नया रायपुर, दिनांक

## :: विज्ञापन ::

पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़, इंद्रावती भवन, नया रायपुर के अधीन उप संचालक, पंचायत, जिला कार्यालयों हेतु छत्तीसगढ़ पंचायत तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्ग) सेवा भर्ती नियम, 2013 के प्रावधान अनुसार **डाटा एन्ट्री ऑपरेटर** के **54** रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं।

**उपरोक्त परीक्षा आयोजन हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है –**

1. **परीक्षा की तिथि – 24 जनवरी 2016, रविवार,**
2. परीक्षा का समय – पूर्वान्ह 9.00 से 12.15 बजे तक
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 14.12.2015 (सोमवार)

   ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि – 26.12.2015,रात्रि 11.59 तक (शनिवार)

   ऑनलाइन आवेदन कर ऑफलाइन पेमेंट हेतु SBI Bank के चालान प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 28.12.2015, सायं 5.00 तक (सोमवार)

   ऑफलाइन (SBI Bank के चालान द्वारा) पेमेन्ट की अंतिम तिथि – 30.12.2015 बैंक के कार्यालयीन समय तक (बुधवार)
4. परीक्षा शहर एवं कोड –अम्बिकापुर (11), बिलासपुर (13),दुर्ग (16), जगदलपुर (17), रायपुर (25)

**परीक्षा शुल्क :–**

| | | |
|---|---|---|
| **सामान्य वर्ग** | – | **450 / –** |
| **अन्य पिछड़ा वर्ग** | – | **350 / –** |
| **अनुसूचित जाति / जनजाति / निःशक्तजन** | – | **300 / –** |

**रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| क. | पदनाम | वेतन+ग्रेड पे | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अनु.जाति | अ.पि.वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 5200–20200+2400 | 54 | 23 | 17 | 06 | 08 |

**श्रेणी एवं वर्गवार आरक्षण :–**

| क्र | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | विकलांग | भू.पू.सै. | |
| 1 | अनारक्षित | 12 | 07 | 02 | 02 | 23 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 04 | 02 | 0 | 0 | 06 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 09 | 05 | 01 | 02 | 17 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 05 | 02 | 0 | 01 | 08 |
| **योग** | | **32** | **16** | **03** | **05** | **54** |

**शैक्षणिक अर्हताएं :–**

1. **मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण**

**अथवा**

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

**अथवा**

कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

2. डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वार्षीय डिप्लोमा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा (गति के संबंध में कौशल ली जायेगी)

**आयु सीमा :–**

1. न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष।

**यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर के रिटपिटिन क्र. (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय न्यायालय पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होंगे।**

**नियम एवं शर्तें :–**

1. तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्तियां छ.ग. पंचायत तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम, 2013 के अंतर्गत की जायेंगी।
2. दिनांक 01.01.2015 की स्थिति में आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से कम नही होनी चाहिए एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व., महिला, विधवा, परित्यक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी।
3. आवेदक को छ.ग. का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है।
4. छ.ग. राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।
5. चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जावेगा।
6. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है।

7. महिलाओं को नियमानुसार हारिजान्टल आरक्षण दिया जावेगा। किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे। वरन उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है।

8. भूतपूर्व सैनिकों को, विकलांगों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान होगा।

9. उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

10. आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।

11. आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरते। बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्म तिथि, श्रेणी, वर्ग इत्यादि में परिवर्तन संभव नहीं होगा।

12. आवेदक को पद के लिये निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तों की पूर्ति करना आवश्यक है। आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।

13. संबंधित पद के लिये वांछित शैक्षणिक आर्हता संबंधी मूल प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र चयन के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**14. व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रकिया विभाग द्वारा की जायेगी।**

**चयन प्रकिया :–**

विज्ञापित पदों हेतु आवेदित उम्मीदवारों की व्यापमं द्वारा 150 अंकों की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसमें आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे । निगेटिव मार्किंग के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा । परीक्षा उपरांत लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर श्रेणीवार एवं वर्गवार मेरिट सूची व्यापमं द्वारा विभाग को सौंपी जायेगी। मेरिट सूची कुल रिक्त पदों के 05 गुना आवेदकों की कौशल परीक्षा आयोजित की जायेगी। तदुपरांत कुल प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर प्रमाण पत्रों की जांच पश्चात् चयन/नियुक्ति की कार्यवाही विभाग द्वारा की जावेगी।

परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापमं के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(बी.एल.ध्रुव)**
**संयुक्त संचालक**
**पंचायत संचालनालय**
**छत्तीसगढ़ नया रायपुर**